भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण
AIRPORTS AUTHORITY OF INDIA

सं. एएआई/जेओ/वाणिज्यिक/2021/ ज्वैलरी शॉप/ 1833-42 दिनांक: 01/02/2021

पावती सहित स्पीड-पोस्ट

सेवा में,

मैसर्स क्राफ्ट्स एम्पोरियम(Crafts Emporium)
होटल जेम पैलेस, जैन मंदिर रोड,
खजुराहो – 471 606 (म.प्र.)

विषय: जोधपुर हवाई अड्डे के सुरक्षा कक्ष में स्पेशिलिटी रिटेल आउटलेट शॉप हेतु अनुबंध का अवॉर्ड पत्र।

(E Tender ID No. – 2020_AAI_63334)

महोदय,

उपरोक्त विषय में आपको सूचित किया जाता है कि आपके द्वारा प्रस्तुत निविदा के संदर्भ में सक्षम प्राधिकारी द्वारा जोधपुर हवाई अड्डे पर सुरक्षा कक्ष में स्पेशिलिटी रिटेल आउटलेट शॉप के लिए लाइसेंस हेतु स्थान 12.00 वर्ग मी. की अनुमति पांच वर्षों के लिए निम्नलिखित शर्तों पर प्रदान की जाती है:

आपके द्वारा ऑफर की गयी राशि रु 1,35,211/- रुपये प्रतिमाह है।

1. लाइसेंस धारक को लाइसेंस फीस का भुगतान निम्नानुसार करना होगा-:

वर्ष	लाइसेंस शुल्क ✓ (प्रति वर्ष **10 प्रतिशत** वृद्धि के साथ) पहली वार्षिक वृद्धि एक वर्ष + छह माह के पूरे होने के बाद लागू होगी इसके बाद वार्षिक वृद्धि वहाँ से एक साल की अवधि के पूरा होने के बाद ही लागू होगी।	अतिरिक्त शुल्क ✓ लाइसेंस शुल्क पर लागू दरों के अनुसार "वस्तु एवं सेवा कर" (वर्तमान दर 18%) एवं 10% उपयोगिता एवं सुविधा शुल्क (काल्पनिक स्थान किराये पर जिसकी वर्तमान दर 835/- प्रति वर्ग मीटर तथा जिसमे प्रतिवर्ष 01 अप्रैल को भा.वि.प्रा. नियमानुसार वृद्धि होती है।)
पहला	1,35,211/- रु.	
दूसरा	1,48,732/- रु.	
तीसरा	1,63,605/- रु.	
चौथा	1,79,966/- रु.	
पांचवा	1,97,962/- रु.	

सुरेन्द्र वारिया 01/02/21

विमानपत्तन निदेशक कार्यालय, सिविल हवाई अड्डा, जोधपुर-342011, दूरभाष: 0291-2595201 निवास: 0291- 6550727 फैक्स: 0291-2512934
O/o Airport Director, Civil Airport, Jodhpur – 342011, Ph : 0291-2595201 Resi.: 0291-6550727 Fax: 0291-2512934

"हिन्दी पत्रों का स्वागत है।"

Government eProcurement System
Created By: Surendra Bariya
Created Date/Time: 12-Jan-2021 04:28 PM
Tender Title: License for Specialty Retail Outlet in Security Hold Area at Civil Airport, Jodhpur
Tender ID: 2020_AAI_63334_1

Tender Inviting Authority: Airport Director, Airports Authority of India, Civil Airport, Jodhpur.

Name of License : Specialty Retail Outlet in Security Hold Area at Civil Airport, Jodhpur.

Contract No: 2019_AAI_63334_1

SCHEDULE OF WORK / ITEM(S)

Sl.No	Description of Work / Item(s)	No.of Qty	Units	Estimated Rate	Crafts Emporium(GSTN-23AATPJ4380R1ZX)		books Point(GSTN-NA)		H1 Amount	H1 Vendor
					Rate	Amount	Rate	Amount		
1.00	License Fee Per Month (MRLF is Rs 86,000/- In Words - INR Eighty Six Thousand Only)	1.00	Month		135211.00	135211.00	106995.00	106995.00	135211.00	Crafts Emporium
	Total in Figures					135211.00		106995.00		

Highest Amount Quoted BY: Crafts Emporium(135211.00)

2. प्रतिमाह देय राशि-

(अ)	लाइसेंस शुल्क =	1,35,211/- रु.
(ब)	उपयोगिता एवं सुविधा शुल्क आवंटित स्थान **12.00** वर्ग मी. के किराया का 10% (वर्तमान किराया दर 835/- प्रति वर्ग मीटर प्रति माह) =	**1,002**/- रु.
(स)	('अ' और 'ब') योग =	**1,36,213**/- रु.
(द)	वस्तु एवं सेवा कर लागू 'स' (वर्तमान दर 18%) =	**24,518**/- रु.
	(स + द) योग =	**1,60,731**/- रु.

3. सुरक्षा धनराशि-

(अ)	06 माह की लाइसेंस शुल्क (अंतिम वर्ष मय कर) =	**11,87,772**/- रु.
(ब)	विद्युत शुल्क हेतु =	50, 000/- रु.
	('अ' और 'ब') योग =	**12,37,772**/- रु.

4. लाइसेंस धारक को 07 दिन के अन्दर मूल निविदा प्रपत्रों / तकनीकी दस्तावेजो के साथ मंजूरी पत्र प्रस्तुत करना होगा।
5. लाइसेंस धारक को एक माह की अग्रिम लाइसेंस फीस (**1,60,731**/- रुपये) अवॉर्ड पत्र प्राप्ति के 15 दिनों के भीतर जमा करानी होगी।
6. लाइसेंस धारक को अवॉर्ड पत्र प्राप्ति के 15 दिनों के भीतर सुरक्षा राशि (**12,37,772**/- रुपये) बैंक गारंटी या डी.डी. के रूप में जमा करानी होगी।
7. अवॉर्ड पत्र प्राप्ति के 15 दिनों के अन्दर करारनामा (लाइसेंस एग्रीमेंट) दो प्रति में प्रस्तुत करना होगा।
8. **उक्त 4, 5, 6 एवं 7 की कार्यवाही करने के उपरांत ही स्थान सुपुर्द (Site Handover) की जायेगी अन्यथा इस अवार्ड पत्र को निरस्त कर दिया जाएगा।**
9. उक्त अनुबंध की सुविधा शुरू करने हेतु अधिकतम 120 दिनों की उत्पादनपूर्व अवधि (Gestation Period) या वास्तविक वाणिज्यिक संचालन की शुरूआत, जो भी पहले हो, की अनुमति होगी। (Gestation period shall be reckoned from the date of handing over of site which will be not later than 15 days of issue of award letter after completion of contractual formalities)
10. लाइसेंस धारक को लाइसेंस फीस का भुगतान अग्रिम रूप से प्रत्येक माह की 10 तारीख तक करना होगा। यदि निर्धारित अवधि के अन्दर भुगतान नहीं किया जाता तो भा.वि.प्रा. के द्वारा लागू नीति के अनुसार ब्याज लिया जायेगा जो कि वर्तमान में प्रथम माह में 12 प्रतिशत वार्षिक तथा उसके बाद 18 प्रतिशत वार्षिक दर से ब्याज लिया जायेगा।

सुरेन्द्र वाधिया 01/02/21

विमानपत्तन निदेशक कार्यालय, सिविल हवाई अड्डा, जोधपुर-342011, दूरभाषः 0291-2595201 निवासः 0291- 6550727 फैक्सः 0291-2512934
O/o Airport Director, Civil Airport, Jodhpur – 342011, Ph : 0291-2595201 Resi.: 0291-6550727 Fax: 0291-2512934

"हिन्दी पत्रों का स्वागत है।"

11. विद्युत उपयोग हेतु लाइसेंस धारक को स्वंय के खर्चे पर विद्युत मीटर खरीदना होगा तथा भा.वि.प्रा. के विद्युत अनुभाग से जांच करवाने के पश्चात स्थापित करवाना होगा। वर्तमान में विद्युत शुल्क की दर **12.05**/- रु.प्रति यूनिट है। यह दर मुख्यालय द्वारा बदले जाने की दशा में तद्नुसार देय होगी।
12. लाइसेंस धारक द्वारा इस अनुबंध की तय समय सीमा के 50% समय तक अनुबंध पूरा नहीँ करने की दशा में फर्म को वंचित (Debar) किया जा सकता है।
13. इस लाइसेंस को निम्नलिखित परिस्थितियों में समाप्त किया जा सकता है:-
    (अ) दोनों पार्टियों द्वारा 120 दिन पूर्व इस सम्बन्ध में नोटिस देने पर।
    (ब) भा.वि.प्रा. द्वारा असंतोषजनक निष्पादन पाए जाने पर (लघु सूचना पर)।
    (स) अनिर्णीत आंतरिक प्रतिवादों के लिए निर्धारित समय सीमा समाप्त होने पर।
14. लाइसेंस धारक द्वारा निर्धारित समय से पहले इस अनुबंध को समाप्त करने की दशा में भा.वि.प्रा. की वाणिज्यिक नीति के demurrage charges अदा करने होंगें।
15. लाइसेंस धारक के द्वारा नियुक्त कर्मचारियों का चरित्र सत्यापन पुलिस विभाग द्वारा नियुक्ति पूर्व करवाना आवश्यक है। इसके अतिरिक्त लाइसेंस धारक द्वारा नियुक्त कर्मचारियों की सूची, जो विमानक्षेत्र पर नियुक्त किये जायेंगे, भा.वि.प्रा. को भेजना आवश्यक है।
16. आवंटित स्थान पर किसी प्रकार का सिविल अथवा विद्युत सम्बंधित कार्य कराने की अनुमति नहीं है। ऐसे किसी कार्य के लिए विस्तृत प्लान के साथ भा.वि.प्रा. की अनुमति लेना आवश्यक है।
17. आवंटित स्थान को लाइसेंस धारक द्वारा किसी और पार्टी को लीज़ या लाइसेंस पर नहीं दिया जा सकता है।
18. विमानक्षेत्र में किसी भी एरिया में व्यापार आरंभ करने से पूर्व, अपनी esahaj portal के माध्यम से सुरक्षा जांच करानी होगी तथा क्षेत्रीय निदेशक, नागर विमानन सुरक्षा ब्यूरो, जयपुर के द्वारा एजेंसी को अपना सिक्यूरिटी प्रोग्राम अनुमोदित करवाना अनिवार्य है। उक्त अनुमोदन उत्पादनपूर्व अवधि (Gestation Period) में ही किया जाना है, इसके लिए अलग से समय नही दिया जाएगा।
19. करारनामे एवं निविदा प्रपत्र की सभी शर्तें इस अवॉर्ड पत्र का एक हिस्सा होंगी।

कृपया इस पत्र की पावती प्रेषित करें।

भवदीय

सुरेन्द्र बारिया

(सुरेन्द्र बारिया)
प्रबंधक (अभि. - विद्युत/ वाणिज्यिक)
कृते निदेशक विमानपत्तन
सिविल हवाई अड्डा, जोधपुर।

विमानपत्तन निदेशक कार्यालय, सिविल हवाई अड्डा, जोधपुर-342011, दूरभाषः 0291-2595201 निवासः 0291- 6550727 फैक्सः 0291-2512934
O/o Airport Director, Civil Airport, Jodhpur – 342011, Ph : 0291-2595201 Resi.: 0291-6550727 Fax: 0291-2512934

"हिन्दी पत्रों का स्वागत है।"

प्रतिलिपि:-

- क्षेत्रीय कार्यपालक निदेशक (उ.क्षे.), भा.वि.प्रा., प्रचालन कार्यालय, गुड़गांव रोड, रंगपुरी, नई दिल्ली-37.
- महाप्रबंधक (वाणिज्यिक), भा.वि.प्रा., राजीव गाँधी भवन, सफदरजंग हवाई अड्डा, नई दिल्ली-03

आन्तरिक वितरण - निदेशक विमानपत्तन - सूचनार्थ

- सहायक महाप्रबंधक (सिविल)
- सहायक महाप्रबंधक (वित्त)
- वरिष्ठ प्रबंधक (विधुत)
- वरिष्ठ प्रबंधक (सुरक्षा)
- प्रबंधक (ओ.एस.डी./लीगल)
- कनिष्ठ कार्यपालक (प्रचालन)

पृष्ठ संख्या – 4/4

Signature Not Verified
Digitally signed by SURENDRA BARIYA
Date: 2021.02.01 16:43:47 IST
Location: eProcurement System for Central PSUs